हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 दामाद ने ससुर की हत्या कर किया गला काटकर...



10 अनदेखी : सड़कों पर दौड़ रहीं कंडम बसें





## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-5335
सरसों
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव-4670
उच्चतम भाव- 5465
मसूर
न्यूनतम भाव-5900
उच्चतम भाव-7500
उड़द
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-5730
मक्का
न्यूनतम भाव- 600
उच्चतम भाव- 1870
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-3105
धान
न्यूनतम भाव-700
उच्चतम भाव-2870
गेंहू
न्यूनतम भाव- 2372
उच्चतम भाव-3201
धनिया
न्यूनतम भाव- 4860
उच्चतम भाव- 5750
बटरी
न्यूनतम भाव- 2570
उच्चतम भाव- 3400
मूंग
न्यूनतम भाव- 5040
उच्चतम भाव- 6200

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 26477 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### किराना व्यापार संघ का अन्नकूट आज

**गंजबासौदा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी किराना व्यापार संघ द्वारा श्री लक्ष्मी पूजन एवं प्रतिभा सम्मान तथा अन्नकूट कार्यक्रम गुरूवार रात्रि 7.30 बजे से स्टेशन रोड़ स्थित होटल पुखराज में आयोजित किया जा रहा हैं। जिसमें नगर के सभी किराना व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### 250 किग्रा गुड़ के लड्डुओं की प्रसादी वितरित

**गंजबासौदा।** बुधवार को गोपाष्टमी पर्व कालाबाग स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सुबह 10:30 से उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 250 किलो ग्राम गुड़ के लड्डुओं की प्रसादी मंदिर परिसर सहित नगर में अन्य स्थानों पर गो माता को अर्पित की गई। इस अवसर पर अनेक गो भक्त और श्रद्धालुगण मौजूद थे।

### बारिश के दौर के बाद बढ़ा सर्दी का जोर

**गंजबासौदा।** पिछले कुछ दिनों से जारी बारिश का दौर गत दिवस से थम गया है, लेकिन अब दिन भर धुंध छाई रहने और धूप न निकलने से लोग परेशान हो रहे हैं। साथ ही ठंडी हवा के कारण सर्दी का जोर भी बढ गया है और लोगों को जैकेट, स्वेटर, मफलर, टोप, शॉल आदि पहनने पड रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में तो सर्दी से बचाव के लिए अलाव जलना भी शुरू हो गए हैं।

# गोपाष्टमी पर गंज हनुमान मंदिर में हुआ अन्नकूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





गोपाष्टमी के मौके पर बुधवार को तिरंगा चौक स्थित गंज हनुमान मंदिर पर आयोजित हुए विशाल अन्नकूट का आयोजन हुआ। अन्नकूट भंडारे में साधु संतों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रसादी ग्रहण की। भंडारे के लिए लगभग 20 क्विंटल से अधिक सामग्री से प्रसादी तैयार कराई गई थी। सुबह 11 बजे से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा। गंज हनुमान मंदिर के महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज ने बताया कि गोपाष्टमी पर मंदिर से जुड़े भक्तजनों की ओर से प्रतिवर्ष भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी करीब 20 क्विंटल से अधिक सामग्री से प्रसादी तैयार कराई गई थी। बुधवार को गोपाष्टमी का बड़ा त्यौहार होने से सबसे पहले मंदिर की गौशाला में गौ माता का पूजन किया गया। इसके बाद ठाकुर जी को बनी हुई प्रसादी के साथ छप्पन भोग की प्रसादी का भोग अर्पित किया गया। उसके बाद क्षेत्र के संतों, महंतों और वैदिक ब्राह्मणों को प्रसादी ग्रहण कराने के साथ विदाई दी गई। श्रद्धालुओं को मालपुआ, महाप्रसाद, कड़ी, पूडी, रामभाजी और बूंदी की प्रसादी वितरित की गई। मंदिर परिसर में देर रात तक चल भंडारे में 8 से 10 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। अन्नकूट महोत्सव में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, राजेन्द्र व्यास, विजय अग्रवाल आदि गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर महंत महेश्वरदास त्यागी महाराज का आशीर्वाद लिया। साथ ही अन्नकूट प्रसादी को अपने हाथों से परोसा और स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया।

# सप्तशक्ति संगम संगोष्ठी आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को विद्या भारती मध्य भारत प्रान्त का सप्त शक्ति संगम संगोष्ठी कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में आयोजित हुआ। लालपठार स्थित विद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने विशेष रूप से सहभागिता की। कार्यक्रम के अंतर्गत मातृशक्ति संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्र सेविका समिति की पदाधिकारी भी मौजूद रहीं। इस संगोष्ठी का उद्देश्य समाज की मातृशक्ति को एक मंच पर एकत्र कराते हुए स्व के बोध का जागरण कर आओ सखी संवारें अपना घर विचार को पोषित करना रहा। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में माताएं, बहनें शामिल हुईं।

## त्योंदा थानांतर्गत ग्राम मुकुंदपुर में बुधवार तड़के हुई वारदात

# दामाद ने ससुर की हत्या कर किया गला काटकर आत्महत्या का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





त्योंदा थानांतर्गत ग्राम मुकुंदपुर में बुधवार की तडके एक गंभीर घटना हो गई। इस घटना में एक दामाद ने अपनी पत्नी और ससुर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें ससुर की मौत हो गई। फिर दामाद ने स्वयं भी गला काटकर आत्महत्या का प्रयास किया। इस पूरे घटनाक्रम में आरोपी की पत्नी भी घायल हुई है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराते हुए प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार ग्राम मुकुंदपुर निवासी घनश्ययाम कुर्मी की पुत्री रश्मि का विवाह बुधनी निवासी संजय के साथ करीब 15 वर्ष पूर्व हुआ था। संजय और रश्मि की दो पुत्रियां 11 वर्ष और 8 वर्ष की हैं। संजय शराब पीने और विवाद करने का आदी है और उसकी पत्नी के अनुसार उस पर प्रकरण चल रहे हैं, जिसके चलते वह अधिकांश समय घर से बाहर ही रहता था। शराब पीने और पुलिस प्रकरणों के चलते परेशान होकर जब रश्मि अपनी एक बेटी को लेकर रक्षाबंधन पर मायके मुकुंदपुर आई तो उसके बाद वह वापस ससुराल नहीं जा रही थी। दीवाली के आसपास संजय के पिता का भी देहांत हो गया था और उसके बाद भी रश्मि अपनी ससुराल नहीं जाना चाह रही थी। इसी बात को लेकर परेशान संजय रात करीब 3 बजे बाइक से रश्मि के मायके मुकुंदपुर आया और घर की दीवार फांदकर बरामदे में जा पहुंचा। जहां पहले उसका पत्नी रश्मि से विवाद हुआ और उसने रश्मि को चाकू मारकर घायल कर दिया। इस बीच रश्मि के पिता घनश्याम कुर्मी बीच बचाव करने आए तो संजय ने उन पर भी चाकू से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसके बाद संजय ने अपने आप को भी खत्म करने के लिए अपने गले पर चाकू मार लिया और घायल हालत में ही घर से बाहर निकलकर मंदिर के पास जा बैठा। उधर घनश्याम कुर्मी की गंभीर हालत देखकर रश्मि और परिजन उन्हें त्योंदा अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस बीच घायल संजय भी बाइक से भाग निकला, लेकिन खून अधिक बह जाने से वह भी कुछ दूर जाकर बेहोश होकर गिर पडा। जिसे पुलिस ने त्योंदा अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर किया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में एसडीओपी शिखा भलावी का कहना है कि आरोपी संजय की पत्नी के बयानों के अनुसार संजय ने अपनी पत्नी और ससुर पर चाकू से हमला करने के बाद स्वयं भी गला काटकर आत्महत्या की कोशिश की है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है और घायलों का उपचार कराया जा रहा है।

# स्लॉट बुक करने के बाद भी किसानों को किरवाया सोसाइटी से नहीं मिल रहा खाद




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम किरवाया में 100 से अधिक किसानों को स्लॉट बुक होने के बाद भी खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिससे किसान परेशान हैं। किसान जब भी अपनी सोसाइटी जाते हैं तो समिति प्रबंधक द्वारा बताया जाता है कि अभी हमारे पास स्टॉक में खाद उपलब्ध नहीं है, जब भी आएगा हम खाद आपको दे देंगे। उधर किसानों का कहना है कि 22 तारीख से अभी तक लगातार तारीख पर तारीख दी जा रही है लेकिन खाद नहीं दिया जा रहा।

किसानों ने बताया कि 22 अक्टूबर में ऑनलाइन स्लॉट बुक किए हैं लेकिन अभी तक किसानों को खाद नहीं दिया जा रहा जिससे किसान किसान परेशान हैं। समय रहते अगर खाद नहीं दिया गया तो किसान अशोक नगर हाईवे पर चक्का जाम करेंगे। परेशान किसान भूपेंद्र, सुरेश, अमित, रमेश अहिरवार, अभिषेक लोधी, रामकृष्ण पंथी, गोलू, चंद्रभान साहू सभी किसानों का कहना है कि समय रहते अगर खाद नहीं मिला तो सभी किसान अशोकनगर हाईवे पर चक्का जाम करेंगे और शासन से खाद की मांग करेंगे। समिति प्रबंधक विजय रघुवंशी का कहना है जैसे ही समिति पर खाद आ जाता है मैं तुरंत ही किसानों को खाद बांटना शुरू कर दूंगा कुछ तकनीकी समस्या के कारण सोसाइटी में स्टॉक नहीं था और स्लॉट बुक करते समय स्टॉक दिखा दिया गया। इस कारण से खाद अभी तक वितरण नहीं किया जा सका। जैसे ही समिति पर खाद उपलब्ध होता है वैसे ही किसानों को खाद वितरित कर दिया जाएगा।

### नाले में गिरने से गोवंश की मौत



**गंज बासौदा।** बुधवार को सुबह के समय कालाबाग क्षेत्र में एसडीएम बंगला के सामने नाले में गिरकर एक गो माता की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत रात्रि में गौ माता सड़क पर विचरण करते हुए नाले में गिर गई थी। सुबह स्थानीय दुकानदार अपनी दुकान खोलने पहुंचे तो खुले पड़े हुए नाले में गाय को मृत अवस्था में पाया गया। बाद में नागरिकों ने स्थानीय पार्षद और नगरपालिका को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगरपालिका की जेसीबी की सहायता से मृत गौ माता को नाले से बाहर निकाला गया। इस दौरान बलवीर सिंह गुर्जर, रविकांत ताम्रकार, विपिन खापरे, सचिन चौरसिया, स्थानीय नागरिकों सहित नगर पालिका का विशेष सहयोग रहा। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित ठेकेदार से नाला निर्माण के साथ ही उनको कवर्ड करने की व्यवस्था करने की मांग की है।

# मंडी में नीलामी बंद होने पर किसानों ने किया चक्का जाम



**गंजबासौदा।** बुधवार को नवीन कृषि उपज मंडी में उपज नीलामी के दौरान उपज के दाम कम मिलने से किसानों और व्यापारियों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद व्यापारियों ने कुछ देर के लिए नीलामी रोक दी और दूसरी ओर किसानों ने बासौदा बरेठ मुख्य मार्ग पर पहुंचकर चक्काजाम शुरू कर दिया। यह चक्काजाम कई घंटों तक चला और शाम को एसडीएम संतोष बिटोलिया, टीआई संजय बेदिया के आश्वासन के बाद किसानों का प्रदर्शन शांत हुआ।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी में मक्का के दाम कम मिलने से किसानों का व्यापारियों के साथ विवाद हुआ था। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने बताया कि मंगलवार को मक्का 960 प्रति क्विंटल के भाव से बिकी थी, लेकिन बुधवार को वही मक्का 600 प्रति क्विंटल तक आ गई। एक ही दिन में फसल के दामों में इतनी कमी से किसानों में आक्रोश बढ़ गया। आरोप था कि मंडी में व्यापारियों द्वारा अभद्र भाषा और जिंस की नीलामी काफी कम दाम पर की जा रही है। किसान दो दिन से अपनी ट्रैक्टर ट्राली लेकर आए हुए हैं और थोड़ी सी ही नोंक झोंक में व्यापारियों द्वारा मंडी नीलामी बंद कर देना अनुचित है हमको काफी परेशानी हो रही है। मंडी में संचालित धर्म कांटे पर भी तौल सही से नहीं हो पा रही है। वहीं सबसे बड़ी समस्या यह बताई गई कि जिन किसानों ने भावांतर योजना में पंजीयन कराया है वह पंजीयन अपने मोबाइल में लेकर आ रहे हैं तो स्क्रीनशॉट के फोटोकॉपी दुकान से निकलवा कर लाना पड रही है और दुकान 5 किमी दूर है ऐसे में केवल किसान कोड लिखना होता है लेकिन व्यापारी ऐसा नहीं कर रहे हैं। भावांतर में यह भी नहीं पता पड़ रहा है कि एक बीघा में कितने क्विंटल जिंस बेचनी है। मंडी के अधिकारी कर्मचारी यही कह देते हैं कि यह जानकारी हमें नहीं है। उधर चक्का जाम के कारण मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।

एसडीएम संतोष बिटोलिया और टीआई संजय बेदिया की समझाइश के बाद किसानों का प्रदर्शन शांत हुआ। इस संबंध में अनाज और तिलहन व्यापारी संघ के अध्यक्ष सतीश कटारे ने बताया कि डाक नीलामी के दौरान एक व्यक्ति नशे की हालत में परेशानी पैदा कर रहा था। इसके चलते व्यापारियों ने करीब 45 मिनट तक नीलामी बंद कर दी थी। अब गुरूवार से सुबह साढे नौ बजे से दोपहर डेढ बजे तक नीलामी होगी। साथ ही व्यापारियों ने नीलामी में पुलिस बल तैनात करने की भी मांग की है।

## आंवला नवमी पर बेतवा तट स्थित नौलखी धाम में होगा भंडारा

# पचास क्विंटल सामग्री से बनाए गए मालपुआ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वेत्रवती घाट स्थित नौलखी धाम आश्रम पर गुरुवार को अक्षय नवमी के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जो कि सुबह 11 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक आयोजित होगा। भंडारे के लिए 50 क्विंटल से अधिक की सामग्री तैयार कराई गई है। भंडारे के अलावा अक्षय नवमी पर घाट पर मेले का भी आयोजन होता है। कई दुकानदार भी अपनी दुकान लेकर मेले में लगाने के लिए पहुंचते हैं। नगर के अलावा दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवले की पूजा करने के साथ-साथ आश्रम में प्रसादी ग्रहण पहुंचते हैं। नौलखी खालसा के श्रीमहंत राम मनोहरदास महाराज ने बताया कि बाबा जगन्नाथ दास महाराज के समय से अक्षय नवमी पर भंडारे के आयोजन की परंपरा चली आ रही है। श्रद्धालुओं की बढ़ती हुई संख्या और आस्था को देखते हुए भंडारे में सामग्री की मात्रा हर साल बढ़ती जा रही है। इस बार भंडारे में 50 क्विंटल से अधिक की सामग्री तैयार कराई गई है। जिसे बनाने का काम 3 दिन से चल रहा है। भंडारे के लिए बने मालपुओं को केले के पत्तों से ढंककर रखा गया है। शास्त्रों में अक्षय नवमी पर दान का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन किया गया कोई भी कार्य, दान अक्षय हो जाता है। इसलिए आंवला नवमी का विशेष महत्व है। बेतवा नदी के नौलखी घाट के आसपास आंवला के कई वृक्ष थे। जिसके कारण श्रद्धालु माताएं पूजन और कार्तिक मास में दीपदान के लिए घाट पर आती हैं। महाराज ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से भंडारे में आकर प्रसादी ग्रहण करने की अपील की है।

# सुमेधा स्कॉलरशिप का शुभारंभ, शैक्षणिक सामग्री वितरित की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुमेधा कैलाश की चार दशक लंबी सामाजिक यात्रा और उनके अथक योगदान से प्रेरित होकर संगठन द्वारा "सुमेधा स्कॉलरशिप" की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य ऐसे बच्चों को सशक्त बनाना है जो पढ़ाई में मेधावी हैं, लेकिन आर्थिक या सामाजिक कारणों से अपनी शिक्षा जारी रखने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इसी पहल के अंतर्गत श्रद्धेय अनिल यादव स्मृति पत्रकार भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 20 बाल मित्र ग्रामों के 82 चयनित बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई। बच्चों को स्कूल बैग, रजिस्टर, ज्योमेट्री बॉक्स, पेन और पानी की बोतलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से सहायक निरीक्षक बीएल मालवीय एवं ऊर्जा डेस्क प्रभारी शिवानी मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक किया तथा साइबर क्राइम से बचाव के बारे में उपयोगी जानकारी भी दी। संगठन के वरिष्ठ प्रबंधक प्रवेश शर्मा द्वारा बताया गया कि "सुमेधा स्कॉलरशिप" के अंतर्गत देश के 7 राज्यों के 207 बाल मित्र ग्राम, 20 बाल मित्र मंडल और 13 बंजारा शिक्षा केंद्रों के बच्चों को शामिल किया गया है। इनमें से कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के कुल 2,258 बच्चों की पहचान की गई है, जो अपनी पढ़ाई जारी रखने में संघर्ष कर रहे हैं। इस पहल के माध्यम से बच्चों को एक वर्ष की शिक्षा के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जा रही है, जिसमें स्कूल फीस, बैग, कॉपियाँ, पेन, पेंसिल, पानी की बोतल और अन्य शैक्षणिक सामग्री शामिल हैं। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देगी बल्कि बच्चों में करुणा, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के मूल्यों को भी विकसित करेगी। सुमेधा कैलाश के शब्दों में "हर बच्चा अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठने की क्षमता रखता है। बस उसे थोड़ी करुणा, सही अवसर और प्रोत्साहन की जरूरत होती है। 'सुमेधा स्कॉलरशिप' उन बच्चों तक यह संदेश पहुँचाती है कि वे अकेले नहीं हैं, पूरा समाज उनके साथ खड़ा है।"

खबर संक्षेप

## पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**विदिशा।** शासकीय कन्या मिडिल स्कूल में लायंस बेतवा क्लब द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम हम सब एक हैं रही। कार्यक्रम का शुभारंभ रीजन चेयरपर्सन लायन मुदित बंसल, जोन चेयरपर्सन लायन अनामिका पचौरी , लायन संध्या सिलाकारी एवं क्लब अध्यक्ष लायन सीमा शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम संयोजक लायन अंजू मित्तल ने प्रतियोगिता के नियम बताए और छात्राओं को प्रोत्साहित किया। गत वर्ष की विजेता श्वेता अहिरवार सहित तीन छात्राओं को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख सुषमा जी को भी सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष नवनीता पांडेय और डॉ. आरती शर्मा का विशेष सहयोग रहा। प्रतिभागी छात्राओं को शीट एवं कलर बॉक्स वितरित किए गए। विद्यालय परिवार द्वारा सहयोग के लिए क्लब ने आभार व्यक्त किया।

## जरूरतमंद को रक्तदान किया



**विदिशा।** पूरनपुरा निवासी लालाराम भूरिया को ए प्लस रक्त की आवश्यकता होने पर अतिशय सराफ पुत्र चिपिन सराफ ने मानवता का परिचय देते हुए चिकित्सालय पहुंचकर रक्तदान किया। इस कार्य में विदिशा ब्लड बैंक के पवन सोनी, संतोष शुक्ला, संजय सोलंकी एवं विश्वकर्मा जी का विशेष सहयोग रहा। भारत भारती संस्कार जैन मंडल की प्रमुख नीता सराफ ने रक्तदाता अतिशय सराफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो निःस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सहायता करते हैं।

## तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई

**विदिशा।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के सुचारू रूप क्रियान्वयन के लिए विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर शपथ का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों को तंबाकू से शरीर पर होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में बताया गया और तंबाकू निषेध की शपथ भी दिलाई गई। शपथ का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ केंद्र अहमदपुर में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक में उपस्वास्थ केंद्र कुआखेड़ी एवं शहरी स्वास्थ केंद्र करैया खेड़ा में किया गया था।

## खाद वितरण व्यवस्था का निरीक्षण किया

**विदिशा।** विदिशा तहसीलदार प्रीति पंथी ने डबल लॉक से संचालित खाद वितरण व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खाद वितरण की प्रक्रिया, स्टॉक रजिस्टर एवं किसानों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। श्रीमती पंथी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि खाद वितरण की समस्त प्रक्रिया शासन के जारी निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से क्रियान्वित की जाए तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो का वितरण व्यवस्था में पूरा ध्यान रखा जाए।

### सांसद खेल महोत्सव का शुभांरभ करने आज आएंगे सीएम डॉक्टर मोहन यादव

# 37038 खिलाड़ियों ने कराया पंजीयन गांवों से लेकर विधानसभा स्तर तक होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सांसद खेल महोत्सव का शुभांरभ करने गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव विदिशा आएंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मंडाविया, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर गुरुवार को प्रभारी मंत्री लखन पटेल ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक मुकेश टंडन, कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, पूर्व जिपं अध्यक्ष तोरण सिंह दांगी भी मौजूद रहे। सांसद खेल महोत्सव 2 माह तक चलेगा। जिसका समापन 25 दिसम्बर को रायसेन जिले में होगा।

प्रतियोगिता में ग्राम पंचायत स्तर पर भी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। जिसमें रस्सा कसी, कुर्सी दौड़ और चम्मच दौड़ इत्यादि खेल प्रतियोगिताएं होंगी। संसदीय क्षेत्र स्तर पर क्रिकेट, कबड्डी, टेनिस बॉल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी होगा। संसदीय क्षेत्र की 8 विधानसभा स्तर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 4 खेल लोकल स्तर पर होंगे, जिनमें विदिशा में फुटबॉल, खातेगांव में कुश्ती का आयोजन होगा। 31 अक्टूबर एवं एक नवम्बर को संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में टार्च रिले का आयोजन होगा। ग्राम पंचायत स्तर एवं नगरीय निकाय में रस्साकसी, म्यूजिकल चेयर एवं लेमन रेस प्रतियोगिता का आयोजन दो से 19 नवंबर के मध्य किया जाएगा। मंडल स्तरीय प्रतियोगिताएं 20 से 30 नवंबर के बीच आयोजित की जाएगी विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिताएं 5 से 12 दिसम्बर के मध्य और संसदीय स्तरीय प्रतियोगिताएं 15 से 25 दिसम्बर के बीच होगी। स्थानीय स्तर पर आयोजित खेलो में हॉकी, खो-खो, फुटबाल, कुश्ती का आयोजन 2 से 19 नवम्बर के बीच होगा। विदिशा संसदीय क्षेत्र में 37038 खिलाड़ियों ने पंजीयन कराया है।

### खेलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए टॉर्च रैली निकाली जाएगी



विदिशा। अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते हुए जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल।

### सांसद खेल महोत्सव की प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेताओं को ढाई लाख



सांसद खेल महोत्सव के तहत आकर्षक नगद पुरस्कार प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ियों को प्रदाय किए जाएंगे। कबड्डी, टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में विधानसभा व सांसद स्तर पर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा जिसमें विधानसभा स्तर पर प्रथम पुरस्कार डेढ लाख रुपए का, द्वितीय एक लाख रुपए का तथा तृतीय पचास हजार रुपए का जबकि सांसद स्तरीय पूर्व उल्लेखित दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम विजेताओं को ढाई लाख रुपए, द्वितीय को दो लाख और तृतीय स्थान हासिल करने वाले का डेढ लाख रुपए की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा।

### यहां होगी पार्किंग

- सांची, भोजपुर, सिलवानी की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग विवेकानंद चौराहा स्थित कामधेनु गार्डन के सामने होगी।
- बासौदा, विदिशा की ओर से आने वाले वाहनों की पार्किंग एक्सीलेंस स्कूल, हरदौल गार्डन एवं सम्राट मैरिज गार्डन में होगी।
- बुधनी, इच्छावर एवं खातेगांव विधानसभा क्षेत्र से आने वाले वाहनों की पार्किंग गर्ल्स कॉलेज परिसर में होगी।
- दो पहिया वाहन पार्किंग केंद्रीय विद्यालय परिसर में होगी। व्हीआईपी पार्किंग मेडिकल कॉलेज में होगी।

### मार्ग रहेंगे डायवर्ट

भोपाल दिशा से आने वाले सभी भारी वाहन अग्रवाल एकेडमी से बाईपास मार्ग की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। अशोकनगर, गुना दिशा से आने वाले सभी भारी वाहन ढोलखेड़ी से बैरसिया एवं ओलंपस स्कूल की ओर डायवर्ट किए जाएंगे। सागर दिशा से आने वाले सभी वाहन पीतलमील से डायवर्ट किए जाएंगे।

## एडवोकेट विमल तारण मामले में मास्टर माइंड से दूर पुलिस गुड्डा रघुवंशी को बनाया आरोपी

### गुरुवार देर शाम पुलिस ने किया खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भाजपा नेता एवं इनकम टैक्स के जाने माने एडवोकेट विमलप्रकाश तारण पर हुए हमले के मामले में पुलिस की जांच गंजबासौदा के पूर्व मंडी अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रघुवंशी (गुड्डा) को आरोपी बनाने तक पहुंची।

शनिवार 25 अक्टूबर की दोपहर माधवगंज सिटी सेंटर के सामने एडवोकेट विमलप्रकाश तारण को संजय नामदेव उर्फ गांधी नामक आरोपी ने थप्पड़ मारते हुए अपमानित करने का अपराध किया था। पुलिस ने इस मामले में रविवार के संजय नामदेव की पहचान कर उसका जुलूस निकाल दिया था। लेकिन सोमवार को जिला अभिभाषक संघ के आव्हान पर जिलेभर के वकील हड़ताल पर चले गए थे। जिला मुख्यालय पर व्यापार महासंघ ने भी बंद का समर्थन करते हुए बाजार बंद रखा था। शहरवासियों की मांग है कि हमला करने के पीछे मास्टरमाइंड को पकड़ा जाए। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और वीडियो बनाने से लेकर उन्हे निर्देशित करने वाले तक पहुंचने की जांच शुरु हुई थी।

इस मामले में पुलिस ने वीडियो बनाने में गोलू यादव और विकास को पाया है। एएसपी प्रशांत चौबे ने मीडिया को बताया कि इस मामले में एडवोकेट श्री तारण पर हमले का षड़यंत्र करने के अपराध में नरेंद्र सिंह रघुवंशी (गुड्डा) को आरोपी बनाया है। लेकिन जांच की कहानी को गुड्डा रघुवंशी तक खत्म करने की बात लोगों के गले नहीं उतर रही है। लोगों को लगता है कि पुलिस मास्टरमाइंड तक पहुंचने में असफल रही। हालांकि एएसपी श्री चौबे ने कहा कि जांच समाप्त नहीं हुई है और तकनीकि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## बाइक की डिग्गी से चोरी हुए 1.10 लाख रुपए बरामद किए

### पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



विदिशा। किसान की गाड़ी की डिग्गी से आरोपियों ने गायब किए थे रुपए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सिविल लाइन पुलिस ने 13 दिन पहले हुई चोरी का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने राजगढ़ से दो आरोपियों बंटी और शाहिद को गिरफ्तार कर उनके पास से 1 लाख 10 हजार रुपए बरामद किए। यह रकम किसान धर्मेंद्र दांगी की बाइक की डिग्गी से चोरी हुई थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने जांच के लिए, एक टीम बनाई, और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों से पूछताछ अभी भी जारी है। किसान धर्मेंद्र दांगी ने बताया कि उन्होंने मंडी में उपज बेचने के बाद 1 लाख 10 हजार रुपए बाइक की डिग्गी में रखे थे। लेकिन रास्ते में वे बंटी नगर चौराहे पर कुछ देर के लिए रुके, वे वहीं एक दुकान में गेहूं देखने गए कि तभी रुपयों से भरा बैग गायब हो गया।

### 150 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए

शिकायत के बाद सिविल लाइन थाना प्रभारी आरके मिश्रा ने एक विशेष टीम बनाई। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के लगभग 150 सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिनमें संदिग्धों की गतिविधियां रिकॉर्ड हुईं। इन्हीं फुटेज के आधार पर दोनों आरोपियों की पहचान की गई। पहचान के बाद पुलिस टीम ने राजगढ़ में छापामारी की, जिसके बाद दोनों आरोपी बंटी और शाहिद को पकड़ कर गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपियों के पास से चोरी की पूरी रकम 1.10 लाख बरामद कर ली गई। टीआई आरके मिश्रा ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है और और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## 34 साल पुरानी परंपरा: गोशाला से मंडी तक गोवंश की रैली निकाली, गोपाष्टमी पर पूजन कर गुड़ व हरी घास खिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

गोपाष्टमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गोपाल कृष्ण गोशाला से गोमाता का चल समारोह निकाला गया, जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचा।

मंडी परिसर में अनाज तिलहन कल्याण उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित व्यापारियों ने गौ माता की विधिवत पूजन-अर्चन की और उन्हें गुड़ तथा हरी घास अर्पित की। शहर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भी गौ माता की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने अपने घरों के द्वार पर गौ माताओं की आरती उतारी और उन्हें आटा, गुड़ व चारा खिलाकर आशीर्वाद लिया। अनाज तिलहन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। वहीं गोपाष्टमी पर यह चल समारोह पिछले 34 वर्षों से निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान राधेश्याम माहेश्वरी, महेंद्र जैन, श्याम बिहारी भार्गव, सचिन साहू, प्रेम साहू, कुलदीप गुप्ता, मयंक अग्रवाल, प्रदीप साहू, एस जैन मौजूद रहे।



## उदयगिरि परिक्रमा व चरण तीर्थ मेला आज

**विदिशा।** रामलीला मेला समिति द्वारा आज गुरुवार को चरणतीर्थ पर मेले का आयोजन किया जाएगा। रायसेन गेट स्थित गणेश मंदिर पर शहर के प्रमुख मंदिरों के ध्वज एकत्रित होंगे। प्रधान संचालक पं. चंद्रकिशोर मिश्र के निवास चौपड़ा से सुबह 9 बजे शास्त्री जी द्वारा ध्वज पूजन किया जाएगा। बेतवा के विभिन्न घाटों से होते हुए उदयगिरि पहाड़ी की परिक्रमा के बाद मंदिरों के ध्वज को रामलीला मेला प्रांगण ले जाया जाएगा। जहां सामूहिक संध्याकालीन आरती की जाएगी। विदिशा में यह परंपरा विगत 135 सालों से चली आ रही है।

## मातृ गोष्ठी आयोजित

**विदिशा।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर तलैया में सप्तशक्ति संगम के तहत मातृ गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिलाओं के व्यक्तित्व विकास हेतु पंच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, सामाजिक समरसता, स्व-बोध और नागरिक कर्तव्य पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ता डॉ. राजश्री वैद्य ने महिलाओं में विद्यमान सप्तशक्तियों को पहचानने और विकसित करने पर बल दिया। डॉ. पिंकेशलता रघुवंशी ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की और उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

## किसानों को गेहूं-चने का बीज व दवाइयों का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय करैयाखेड़ा रोड में बुधवार को रबी बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन, जनपद अध्यक्ष वीर सिंह रघुवंशी तथा जिला कृषि सभापति धनराज सिंह सहित विदिशा ब्लॉक की कृषि स्थाई समिति के समस्त जनपद सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम अंतर्गत कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को गेहूं एवं चने का बीज तथा फसल में उपयोग होने वाली दवाइयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मुकेश टंडन ने किसानों से कहा कि भारत सरकार किसानों के हित में अनेक योजनाएं चला रही है। इस योजना के अंतर्गत किसान कृषि विभाग से बीज प्राप्त कर इन बीजों से आगामी वर्ष के लिए स्वयं का बीज तैयार कर आत्मनिर्भर बन सकें। साथ ही उन्होंने किसानों को विभिन्न अनुदान आधारित योजनाओं की जानकारी भी दी, जिससे वे नई तकनीकों और संसाधनों का अधिकतम लाभ उठा सकें।

इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों और किसानों ने मिलकर वृक्षारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया।



## अवैध वसूली ऑपरेटर पर केस दर्ज

**विदिशा।** तहसील सिरोंज में आधार नामांकन शिविर में छात्रों से अवैध राशि वसूले जाने पर थाना दीपनाखेड़ा पुलिस ने आधार ऑपरेटर बबलू नायक के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक गुलशन कुमार जखोने की रिपोर्ट पर यह कार्रवाई की गई। जांच में पाया गया कि ऑपरेटर ने यूआईडीएआई की गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए छात्रों से शुल्क वसूला था। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिरोंज के निर्देश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## किसानों को बीज वितरित किया

**ग्यारसपुर।** वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में रबी वर्ष 2025 के उन्नत बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। गेहूं, चना एवं सरसों की उन्नत किस्मों के बीज पात्र कृषकों को वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि स्थायी समिति के अध्यक्ष सुखवेंद्र दांगी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी रूपेश बघेल, कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषक बंधु उपस्थित रहे। विभाग द्वारा किसानों को आवश्यक दस्तावेज एवं ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। बीज वितरण कार्यक्रम सतत रूप से जारी है।

## बालिकाओं में आत्मविश्वास साहस की भावना जागृत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

बुधवार को सशक्त वाहिनी क्लास की 45 बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर एवं महिला थाने का भ्रमण कराया गया। भ्रमण का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मरक्षा, कानूनी जागरूकता, सुरक्षा से संबंधित अधिकारों तथा सरकारी सहायता तंत्रों की जानकारी प्रदान करना था, ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।

भ्रमण के दौरान बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक कृतिका व्यास ने बालिकाओं को बताया कि यह केंद्र महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए एक ऐसी सुरक्षित जगह है, जहां घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, शोषण अथवा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जाती है।

यहां पीड़ितों को कानूनी, चिकित्सीय, मनोवैज्ञानिक एवं परामर्श सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाती हैं। महिला थाना भ्रमण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बालिकाओं को थाना की संरचना, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 एवं 181, शिकायत प्रक्रिया तथा पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। बालिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और आत्मरक्षा से संबंधित जानकारी प्राप्त की। अंत में सभी अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समानता का संदेश दिया गया। इस विजिट ने बालिकाओं में आत्मविश्वास, साहस और जागरूकता की भावना को सशक्त किया।

## बाल विवाह रोकने कंट्रोल रूम गठित

**विदिशा।** बाल विवाह रोकथाम के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा कंट्रोल रूम एवं सूचना दल का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 07592-299058 है। शहरी वार्डध्ग्राम पंचायत स्तर पर, सेवाप्रदाताओं, धर्मगुरूओं एवं स्कूली बच्चों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलायी जाएगी। विभिन्न हेल्पलाईन के माध्यम से बाल विवाह रोकथाम की जा सकती है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनिता लोढा कांसवा ने बताया कि संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में विदिशा जिले में बाल विवाह रोकथाम के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। कंट्रोल रूम का नम्बर 07592-299058 महिला सशक्तिकरण कार्यालय दुर्गा नगर मैन रोड में स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम 24 घंटे प्रभावशील रहेगा। कृतिका व्यास प्रशासक वन स्टाप सेंटर विदिशा को कंट्रोल रूम का प्रभारी बनाया गया है।




### कार्यक्रम में हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत बनाने का दिलाया संकल्प

# शिविर में विधायक उमाकांत शर्मा ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶लटेरी

सिरोंज लटेरी क्षेत्र के विधायक उमाकांत शर्मा ने लटेरी में जन समस्या निवारण शिविर लगाकर जनता की समस्या सुनी एवं निराकरण किया कुछ समस्याएं विभाग के लिए निर्देश दिए।

हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत के लिए लोगों को संकल्प दिलाया जिससे कि हर घर स्वदेशी आत्मनिर्भर भारत बने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो। भारत सशक्ति बने वही विधायक ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष मना रहा है। परम पूजनीय प्रथम संघ चालक के विचारधारा से जनसंघ बना। जिसका चुनाव निशान दीपक था। उन्हीं की विचारधाराओं से आज हम भारतीय जनता पार्टी चल रही है। जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार थे की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को न्याय एवं योजनाओं का लाभ मिले उन्हीं की विचारधाराओं से आज हम चल रहे हैं। कांग्रेस का क्या कांग्रेस तो घर में चलती है। कांग्रेस एक परिवार में चलती है। उसी का राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधानमंत्री के दावेदार हो जाते हैं। विदेश की विचारधारा से प्रधानमंत्री बने ऐसी कांग्रेस विचारधारा है। विधायक उमाकांत शर्मा ने जन समस्या निवारण शिविर मैं वन विभाग राजस्व विभाग को भी फटकार लगाई। जनपद पंचायत लटेरी के अंतर्गत जन समस्या निवारण शिविर लोगों की समस्याएं सुनकर विधायक ने निराकरण किया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता रणधीर सिंह बघेल, जनपद अध्यक्ष सीमा कलावत, नगर परिषद अध्यक्ष शैलेष भंडारी, मंडल अध्यक्ष रामगुलाम राजोरिया, लक्ष्मण सिंह बघेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुंवर बघेल सहित एसडीम नितिन जैन, जनपद सीईओ उदय प्रताप सिंह मौजूद रहे।




## कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

### ई. निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक / 7289/स्टोर शाखा/2025 विदिशा, दिनाँक 17/10/2025

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | निविदा क्र. | ई टेन्डर नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | ई.निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण की समयावधि | ई-निविदा क्रय अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 7289 | 2025_UAD_459625_1 | Supply of Insect Killer chemical | 500000.00 | 5000.00 | 2000.00 | 03 Month | 17/11/2025 |

निविदा प्रपत्र क्रय, डाउन लोड, करने एवं निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा

### बसों में हुई आगजनी की घटनाओं से भी नहीं जाग रहा परिवहन विभाग

# अनदेखी : सड़कों पर दौड़ रहीं कंडम बसें

## बसों में न इमरजेंसी गेट और न ही फिटनेस परमिट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले से रोजाना 300 से अधिक बसें चल रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में प्रतिदिन करीब 250 से 300 यात्री बसें संचालित होती हैं, जिनमें से कई खटारा हालत में हैं। अधिकतर बसों में ओवरलोड सवारियां भरी जाती हैं। न चालक वर्दी में रहते हैं, न बसों पर बीमा और फिटनेस की जानकारी अंकित होती है। कुछ बसों में तो अग्निशमन यंत्र और पैनिक बटन तक गायब है। अधिकांश में यात्रियों की सुविधाओं के लिए न तो किराया सूची है और न ही टूल बॉक्स।

जिले में चल रहीं अधिकांश यात्री बसों में यात्रियों को असुक्षित तरीके से यात्रा करना पड़ रही है। यहां पर असुरक्षित और खटारा बसों के संचालन की स्थिति बेहद गंभीर है और यह यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। जिला परिवहन विभाग की वाहनों की चैकिंग जैसी गतिविधियां पिछले दो साल से सुस्त पड़ी हुई हैं, जबकि रायसेन जिले में 300 से ज्यादा बसें सड़कों पर दौड़ रही हैं।

गौरतलब है कि आसपास राजधानी भोपाल लगभग 300 बसों का संचालन हो रहा है, जिसमें कई यात्री बसें खटारा स्थिति में चल रही हैं। बसों में ना तो इमरजेंसी गेट है न पैनिक बटन न हीअग्निशमन यंत्र हैं।



### आरटीओ का वाहन चैकिंग अभियान पड़ा सुस्त

*यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जांच करने वाले जिला परिवहन अधिकारी की वाहन चेकिंग अभियान सिस्टम सुस्त पड़ा हुआ है, जिससे यात्री बस ऑपरेटरों के हौसले बुलंद हैं। अशोक नगर, जैसलमेर में बसों में आगजनी की घटनाओं से सबक नहीं लिया है। जिम्मेदारों ने यात्रियों की सुरक्षा कों लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए हैं। जिले में बड़ी संख्या में बिना फिटनेस और पुराने मॉडल की बसें संचालित हो रही हैं। यात्रियों की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि जिला परिवहन विभाग की नियमित जांच करें और नियम कायदों को ताक पर रखकर चल रही बसों की सख्ती से जांच पड़ताल कराएं। बस स्टैंड और अस्थाई बस स्टैंड से जो नियमित बसें संचालित हो रही हैं। कई निजी बसों की जांच की तो सुरक्षा के नाम पर लापरवाही सामने आई है। कई यात्री बसों में इमरजेंसी गेट अंदर से बंद थे और उन पर सीटें लगी थी।*

### यह है गाइड लाइन...

हर बसों में अनिवार्य रूप से इमरजेंसी गेट लगा होना चाहिए। आगे और पीछे दो अग्नि सामान्य यंत्र लगाए जाएं। इमरजेंसी की स्थिति में शीशा तोड़ने के लिए ग्लास ब्रेकर या हथौड़ा रखा होना चाहिए। बसों की फिटनेस हर साल तय समय पर हो और सार्वजनिक पोर्टल पर दर्ज की जाए। बस कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा आपात स्थिति में बस से बाहर निकल ने का प्रशिक्षण दिया जाए।

इस मामले में कोतवाली थाना टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि वे जल्द ही इसकी जांच करेंगे और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### 60 फीसदी यात्री बसों में नहीं पैनिक बटन

यात्री बसों में पैनिक बटन एक सुरक्षा उपकरण है। जो यात्रियों को आपातकाल स्थिति में तुरंत मदद के लिए अलर्ट भेजने की अनुमति देता है। इसे दबाने पर कमांड सेंटर या पुलिस को स्वचालित रूप से बस की लोकेशन और अन्य आवश्यक जानकारी के साथ एक अलर्ट भेजा जाता है। जिससे सुरक्षा बढ़ाई जा सके। यह मुख्य रूप से यात्रियों, खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए होता है। लेकिन 60 फीसदी यात्री बसों में पैनिक बटन नहीं है। जबकि शासन स्तर से पैनिक बटन लगाने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### जांच की जाएगी

बसों में अनियमितताएं मिलने पर और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर जांच की जाएगी। जल्द ही यात्री बसों की जांच की जाएगी। अनियमितताएं पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई होगी।

**जगदीश भील, आरटीओ रायसेन**

### रायसेन में बिना परमिट प्राइवेट 'बसों का खेल'

भोपाल से रायसेन, सागर से जबलपुर व प्रयागराज रूट पर यात्री बसें ओवर लोड भरकर सवारियां दौड़ रहीं हैं। राजधानी भोपाल से सागर, जबलपुर, इंदौर से रीवा सतना, इलाहाबाद जाने के लिए बिना परमिट के प्राइवेट बसें मनमाने ढंग से चल रही हैं। पुलिस थानों, चौकी के पास भीड़ भाड़ वाले इलाके से ये बसें तेज रफ्तार में गुजरती हैं। भोपाल से सागर, इंदौर, रायसेन एवं जबलपुर मार्ग पर चलने वाली इन बसों में क्षमता से अधिक सवारियां बैठाई जाती हैं। खासतौर पर स्थानीय प्रशासन इस मामले में पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। इससे क्षेत्र में दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता है। साथ ही बिना परमिट संचालन से राजस्व विभाग को भी नुकसान हो रहा है।

### इंटरनेट खत्म होने से आ रही परेशानी

## जिला अस्पताल लैब में मरीजों को नहीं मिल रहीं जांच रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला अस्पताल रायसेन की पैथालॉजी लैब का भी ठेका हो चुका है। यहां के इंटरनेट कनेक्शन का बैलेंस खत्म होने की वजह से मरीजों की अर्जेंट जांच रिपोर्ट समय पर नहीं बन पा रही हैं। जिससे मरीजों को काफी परेशानियों को सामना पड़ता है।

शहर के वार्ड 2 मालीपुरा निवासी विजय सक्सेना ने हार्ट मरीज होने से दो दिन पहले अपने ब्लड की जांच कराई थी। जब उनके अटेंडर विशाल सक्सेना बुधवार को जिला अस्पताल की पैथोलॉजी जांच रिपोर्ट लेने पहुंचे, तो वहां के कंप्यूटर आपरेटर ने बेतुका जबाव दिया। वह बोले कि इंटरनेट का बैलेंस समाप्त हो चुका है। हम क्या करें।

मरीज शंकर चौरसिया ने बताया कि वह खून की रिपोर्ट लेने अस्पताल के चक्कर काटने मजबूर हैं।

### इनका कहना है

पैथोलॉजी संचालक को भुगतान एनएचएम के मद से होता है। फिलहाल हमने रोगी कल्याण समिति के बजट से इंटरनेट सिस्टम की व्यवस्था से चालू कराया जाएगा।

**डॉ. एलके गुर्जर**, आरएमओ, जिला अस्पताल रायसेन

### समय के साथ धन की बर्बादी

जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में मरीज से यह भी कहा जा रहा है कि चले जाओ मार्केट में प्राइवेट पैथोलॉजी पर खून की जांच करवा लो। ऐसी स्थिति में मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजी पर खून की जांच कराने जाना पड़ रहा है। जिससे मरीजों को धन और समय दोनों बर्बाद हो रहे हैं। इसके अलावा प्रसूताओं की ब्लड, प्रेग्नेंसी जांच रिपोर्ट भी समय पर नहीं मिल पा रही है। माया देवी, प्रमिला, राधिका पटेल बोलीं कि अब सिर्फ नाम का सरकारी अस्पताल बचा है। हरेक जांच में तो मरीजों को जेब ढ़ीली करना पड़ रही है। कमोवेश यही हालात मलेरिया, चिकिनगुनिया आदि जांच की बनीं हुई है।

### खबर संक्षेप

#### एसपी से गुहार- साहब मेरे बेटे की तलाश करवा दो

**रायसेन।** साहब मेरे बेटे की तलाश करवा दीजिए तो आपकी बड़ी मेहरबानी होगी। यह मन में गुहार करमोदी के बुजुर्ग दुर्गा प्रसाद आदिवासी ने एसपी पंकज पांडे को आवेदन देकर लगाई है। उसका पुत्र राजकुमार पोर्ते उम्र 32 वर्ष करमोदी गांव के ही निवासी कमलेश पिता हल्के गौंड़, हल्कू पिता कालूराम लगभग महीने भर पहले घर से जंगल मवेशी छोड़ने का बोलकर गए थे। वहां से गांव के ही अरुण पिता माधो सिंह गुर्जर जो गैस सिलेंडर का ट्रक भोपाल में रहकर चलाता है। राजकुमार को ट्रक से भोपाल गया था, तब से उसका कहीं पता नहीं चल रहा है। गुमशुदगी की रिपोर्ट गैरतगंज पुलिस थाने में दर्ज करवा दी है। पुलिस द्वारा शक के आधार पर संदिग्धों से पूछताछ नहीं की है।

#### थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**सलामतपुर/दीवानगंज।** शाहपुर पंचायत के ग्राम भरतीपुर में किशोरी जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना सलामतपुर प्रभारी दिनेश रघुवंशी अपनी टीम के साथ ग्राम पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ने उपस्थित महिलाओं, किशोरियों और ग्रामीणों को बताया कि 18 वर्ष से कम उम्र में बालिकाओं की शादी करना एक दंडनीय अपराध है। चाहे शादी लड़की के परिजन करवाएं या लड़की स्वयं सहमति दे, दोनों ही स्थितियों में यह कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। उन्होंने ग्रामीणों को ऑनलाइन फ्रॉड और साइबर ठगी से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी।

## एक शाम बाबा श्याम के नाम, सिलवानी में होगा भव्य खाटू श्याम जन्मोत्सव


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर में शुक्रवार को भक्तिभाव और श्रद्धा से ओतप्रोत बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही उत्साह और धार्मिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा इस वर्ष का कार्यक्रम एक शाम बाबा श्याम के नाम शीर्षक से आयोजित किया जा रहा है।

नगर के हाई स्कूल ग्राउंड पर सायं 7 बजे से प्रारंभ होने वाले इस महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। आयोजन समिति ने बताया कि इस बार बाबा श्याम के दरबार को अत्यंत भव्य रूप से सजाया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर आकर्षक विद्युत सजावट, भव्य दरबार, अखंड ज्योति, छप्पन भोग, पुष्प वर्षा की विशेष व्यवस्था की गई है। रातभर चलने वाले भजन संध्या एवं रात्रि जागरण में देश के विभिन्न स्थानों से प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुतियां होंगी।

मुख्य आकर्षण के रूप में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन गायिका जानवी शर्मा अपनी मनमोहक वाणी में बाबा श्याम के भजनों का गायन करेंगी। उनके साथ यशी चौरसिया और भास्कर पुरोहित (उज्जैन) भी भक्ति रस से ओतप्रोत प्रस्तुति देंगे। संपूर्ण रात्रि भजन, कीर्तन और जयकारों से वातावरण गूंजायमान रहेगा।

## बम्होरी स्थित धान मिल से ग्रामीण हो रहे परेशान



◆ मामले की शिकायत ग्रामीणों ने की जनसुनवाई में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

तहसील रायसेन के सागर रोड स्थित एक रसूखदार धान मिलर के प्लांट से समीप ही पुलिया से गुजरे नाले के जरिए राइस मिल का गंदा पानी प्रवाहित किया जा रहा है। बदबूदार सड़ा गंदे पानी से फिजा में वायु प्रदूषण फैल रहा है। गंदे पानी की वजह से पानी की बड़ी संख्या में मछलियां मर गईं। जलीय जीव पर जान का खतरा बना हुआ है। इसे रोकने की मांग को लेकर ग्रामीण किसान नेता चैन सिंह मीणा, प्रभुलाल, मोहर सिंह, कन्हैया लाल, रामसिंह, सुंदर लाल, महेंद्र कुमार, रामकुमार लीलाधर, तारा सिंह, मसीर खान, असद खान, फरान खान ने ज्ञापन कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा को देकर धान मिल संचालक पर उचित कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन में यह भी बताया है कि खरगावली पिपलई बम्होरी के ग्रामीण परेशान हैं। उनका कहना है कि धान मिल के शोरशराबे से उनका सुख चैन छिन रहा है। प्रशासन से मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों से जांच कराए जाने की मांग भी उठाई है। धान मिल का गंदा पानी गौवंश सहित मानव जीवन के लिए खतरनाक साबित हो रहा है। जांच रिपोर्ट आने तक धान मिल पर रोक लगाई जाए।

## श्रीमद् भागवत कथा भजन संध्या की होगी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

खेड़ापति शक्ति धाम में आयोजित होने वाले धर्मस्य महायज्ञ 5 नवंबर से आयोजित होने जा रहा है। शक्ति धाम पर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ श्रीमद् भागवत कथा एवं भजन संध्या के आयोजन की तैयारी पूर्ण की जा रही है।

कार्यक्रम संचालक मां खेड़ापति सेवक पं. संजय शर्मा संस्थापक ऋषि शांडिल्य वेद विद्यापीठ श्री रेवा निकुंज संस्थान द्वारा इस आयोजन की तैयारी की गई है। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं भागवत कथा से पूर्व नगर में कलश यात्रा निकाली जाएगी जो 5 नवंबर सुबह 9 बजे भूजी के मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल खेड़ापति मंदिर पहुंचेगी। कथा 6 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित होगी कथा का समय दोपहर 2 से 5 तक रहेगा एवं 12 नवंबर को कथा समापन एवं पूर्णाहुति के बाद नगर भंडारे का आयोजन भी किया है।

पं. संजय शर्मा द्वारा चार माह तपस्या संकल्प पूर्ण होने के बाद यह आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के सर्वाध्यक्ष हनुमंत लालजी के संरक्षण मां खेड़ापति बाड़ी कलां आयोजन की महाशक्ति होंगी।

### 22 कनेक्शन पर ढाई लाख होने पर कनेक्शन काटा

## बिजली बिल बकाया होने पर कंपनी के कर्मचारी घर-घर जाकर वसूली में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र में बिजली बिल बकाया होने पर बिजली कंपनी के कर्मचारी घर-घर जाकर उपभोक्ताओं से बिल भरने की अपील कर रहे हैं। कर्मचारी उपभोक्ताओं को बिल जमा करने समझा रहे हैं और मौके पर ही बिल की राशि जमा भी कर रहे हैं।

20 से 29 अक्टूबर तक दीवानगंज, अंबाड़ी और सेमरा में 22 उपभोक्ता पर 2 लाख 50 हजार बकाया होने पर कनेक्शन काटे गए हैं। आगे भी जिन उपभोक्ता पर 5 हजार से ज्यादा बकाया राशि है, उन उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जाएंगे। रायसेन से बिजनेस टीम के अधिकारियों ने आकर दीवानगंज और अंबाडी में मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी कर रहे पांच उपभोक्ताओं पर 70 हजार रुपए बकाया जुर्माना लगाया है।

कंपनी का कहना है कि समय पर बिल जमा न करने से राजस्व पर असर पड़ता है, इसलिए वसूली अभियान चलाया जा रहा है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बकाया राशि वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बिजली उपभोक्ताओं से बकाया राशि कंपनी में जमा कराने आग्रह किया गया जिन उपभोक्ताओं के 5000 रुपए से अधिक बिल है उनके कनेक्शन काटे जा रहे हैं। कंपनी के सभी वृत्त कार्यालयों में समीक्षा बैठकें आयोजित कर मैदानी स्तर पर राजस्व वसूली की वृद्धि के प्रयास तेज कर दिये गये हैं।



विद्युत कंपनी ने बकायादार उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि बिजली कनेक्शन विच्छेदन की अप्रिय कार्यवाही से बचने के लिए विद्युत बिलों का भुगतान तत्काल सुनिश्चित करें। उपभोक्ता किस्तों में भी पैसा जमा कर सकता है।

बिजली कंपनी के जूनियर इंजीनियर मनीष कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि समय पर अपना बिल जमा करें।

## खरगोन में दाह संस्कार करना बना बड़ी समस्या और परेशानी का कारण

### श्मशान घाट पर नहीं टीनशेड की व्यवस्था, नहीं मिल रही लकड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

तहसील के सबसे बड़े ग्राम और 20, 25 ग्रामों के बीच प्रमुख व्यापारिक केंद्र खरगोन के निवासी लंबे समय से दाह संस्कार करने की परेशानी असुविधा से जूझ रहे हैं। बारिश के महीनों में दाह संस्कार करना बड़ी समस्या बनी रही क्योंकि खरगोन जैसे बड़े कस्बे में शव दाह के लिए छायादार चबूतरा नहीं है। बारिश के दिनों में अनेक बार बरेली या अन्य स्थानों पर दाह संस्कार क्रिया करना मजबूरी बन रहा।

#### दाह संस्कार के लिए नहीं मिल रही लकड़ी

खरगोन में दशकों से वन विभाग का लकड़ी डिपो है यहां से ग्रामीणों को शव दाह के लिए एवं जलाने लकड़ी मिल जाया करती थी। पिछले अनेक दिनों से शव दाह के लिए लकड़ी मिलना बंद हो गई है।

#### वन विभाग की डिपो से लकड़ी मिलना बंद



◆ *लंबे समय से छायादार अंतिम संस्कार के लिए सेट की व्यवस्था नहीं है अब तो दाह संस्कार के लिए वन विभाग के डिपो से लकड़ी मिलना भी बंद हो गई है जिससे दाह संस्कार करना बड़ी समस्या बन रहा है।*
*- पुरुषोत्तम बडोनिया, सामाजिक कार्यकर्ता खरगोन*

परिवारों में किसी की मृत्यु हो जाने पर खरगोन में छायादार दाह संस्कार की व्यवस्था और जलाने लकड़ी की व्यवस्था न होने से परिजन भारी परेशान बने रहते हैं। किसी प्रकार दाह संस्कार के लिए लकड़ियों की जुगाड़ करना मजबूरी बना हुआ है। खरगोन एवं आसपास का क्षेत्र जंगल सिंघोरी अभ्यारण के अंतर्गत आता है। सागोन या जलाऊ लकड़ी मिलना लोगों के लिए कठिन और परेशानी का कारण बना हुआ है।

ग्रामीणों द्वारा वन विभाग के डिपो में जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराने की मांग की जा रही है।

### सड़क हादसों को रोकने चला रेडियम लगाओ अभियान

## 500 ट्रैक्टर-ट्रॉली में लगाई रेडियम पट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कलेक्टर-एसपी के आह्वान पर नगर के कृषि उपज मंडी में भार साधक अधिकारी व एसडीएम संतोष मुद्गल एसडीओपी कुंवर सिंह मुकाती, थाना प्रभारी कपिल गुप्ता, तहसीलदार रामजीलाल वर्मा एवं मंडी सचिव ऋतु गढ़वाल के द्वारा संयुक्त अभियान में वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से मंडी प्रांगण में अपना अनाज बेंचने आए किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान शुरू किया गया।

इस दौरान एसडीएम सन्तोष मुद्गल ने किसानों को बताया कि मंडी गेट के बाहर अब वो ही ट्रैक्टर-ट्रॉली निकलेगी, जिस पर रेडियम पट्टी का संकेतक लगा होगा। हर किसान को मंडी की तरफ से



निशुल्क रेडियम पट्टी लगाई जा रही है और मंडी गेट पर भी निशुल्क पट्टी आपको मिलेगी।

वहीं थाना प्रभारी कपिल गुप्ता ने किसानों एवं वाहन चालकों को से कहा कि मोटरव्हिकल एक्ट के अनुसार ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली का भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। लेकिन हम नहीं कराते है जो जोखिम भरा है और अन्य वाहनों के समान इनमें भी लाइट एवं बीमा होना जरूरी है। अगर आप लोगों ने नहीं कराया है तो कम से कम रेफियम पट्टी लगाए ताकि किसी की जान बचाने का एक नेक काम कर सके। यदि आपके इस प्रयास से दुर्घटना में 10 लोगों की भी जान बच गई तो आपका जीवन सफल हो गया।

### एसडीएम-तहसील कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यों की ली जानकारी

## कलेक्टर ने गैरतगंज में स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा बुधवार को गैरतगंज जनपद के देवनगर, सांकल, गढ़ी तथा गैरतगंज का भ्रमण कर शासकीय स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, नल जल योजना, शासकीय उचित मूल्य दुकान, कृषि उपज मंडी तथा उर्वरक भण्डार केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने देवनगर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध दवाईयों, टीकाकरण और मरीजों के उपचार की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके उपरांत देवनगर में ही पीएचई विभाग की एकल ग्राम नलजल योजना के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए ग्राम में कुल परिवारों की संख्या, नल कनेक्शन की संख्या आदि की जानकारी ली गई। उन्होंने नल जल योजना के तहत निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण करते हुए देवनगर ग्राम पंचायत सरपंच को निर्देशित किया गया




कि सभी ग्रामीणों को नलजल योजना का लाभ नियमित रूप से मिले। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत से समन्वय बनाए रखे एवं योजना अवरुद्ध होने पर त्वरित कार्यवाही कर योजना को चालू भी कराए। पेयजल से कोई भी ग्रामीण वंचित न रहे।

इसके उपरांत कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने ग्राम सांकल में शासकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया।

उन्होंने शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षकों, कक्षावार विद्यार्थियों की संख्या, नियमित आने वाले विद्यार्थियों तथा शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और पाठ्य पुस्तक से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वह पूरी लगन और मेहनत से पढ़ाई करें। इसके बाद गढ़ी में शासकीय उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण कर हितग्राहियों को नियमित रूप से राशन वितरण के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा गैरतगंज में कृषि उपज मंडी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने किसानों से सोयाबीन भावांतर योजना, रबी फसलों की बोवनी आदि के संबंध में चर्चा की। साथ ही मंडी में उपज विक्रय हेतु आने वाले किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा गैरतगंज में मप्र राज्य सहकारी विपणन संघ के उर्वरक भण्डारण केन्द्र का निरीक्षण कर उर्वरकों की उपलब्ध मात्रा, स्टॉक पंजी आदि का अवलोकन करते हुए कृषि अधिकारी तथा जिला विपणन अधिकारी को उर्वरकों के सुचारू और सुगम वितरण के निर्देश दिए।